'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 66 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए मंगलवार, 21 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## इस बार भी जनता मोदी के नाम पर मोहर लगाएगी : भगवान सिंह फौजदार

### फरीदाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को सुनने हजारों की संख्या पहुंचे लोग





**समाचार गेट/नरवीर यादव**

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर द्वारा एक दिन एक विधानसभा कार्यक्रम के तहत बल्लबगढ़ विधानसभा में भगवान सिंह फौजदार द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली का आयोजन नंबरदार गार्डन सेक्टर 64 में किया गया। इस रैली में आस-पास के गांव एवं शहरी नागरिकों सहित हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ बल्लबगढ़ विधानसभा में दर्जनों रैलियां आयोजित की गई हैं और आधा दर्जन से ज्यादा जनसभाएं की गई हैं।

इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है, जबकि भाजपा में नरेंद्र मोदी जैसे चाय बेचने वाले को भी प्रधानमंत्री बनाया गया और फिर से तीसरी बार देश की जनता उन्हें प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने जनता कालोनी सहित पूरे बल्लबगढ़ में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य गिनवाए और भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर को आश्वासन दिलाया की बल्लभगढ विधानसभा की जनता भाजपा प्रत्याशी को बंपर वोटों से जिताने का काम करेगी।

रैली के आयोजन कर्ता भगवान सिंह फौजदार ने कहा कि देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है ना कि किसी और पार्टी की वारंटी पर। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा ने जिस तरह से पिछले दो बार के इलेक्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को चुना है इस बार भी जनता मोदी के नाम पर मोहर लगाएगी, और उनके 400 पार के आंकड़े को पूरा करेगी। फौजदार ने कहा कि विपक्ष के नेता कुछ भी कहें लेकिन ठगबंधन पर कोई भी विश्वास नहीं करता।

पिछले 10 वर्षों में लोगों ने शहर का विकास देखा है और इस बार भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। और आलम ये है कि उनके सामने कोई भी मुकाबले में दिखाई नहीं दे रहा।
**- तेजराज तिवारी**

कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में इतना काम नहीं किया। उससे कहीं ज्यादा मोदी की 10 साल की सरकार ने कर दिखाया है। आज हर घर को नल और जल मिल रहा है।
**- विनोद**

लोगों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। देश मे 4 करोड़ गरीब लोगों को मकान दिए गए हैं। 11 करोड़ महिलाओं के लिए सौचालय बनाने की बात हो, देश मे 50 करोड़ लोगों का बैंक में खाता और 2 लाख का बीमा किया गया है। **- आनंदपाल राठी**

भाजपा सरकार ने देश हित में अहम फैसले लिए है। पिछले दस वर्षों में दुनिया का नजरिया भारत देश के प्रति बदल गया है। हमारे देश 10 वर्षों में 11 नंबर पर से आर्थिक ताकत में 5वें पायदान पर पहुंच गया है।
**- शिवप्रसाद**

कृष्णपाल गुर्जर ने पिछले दस सालों के दौरान फरीदाबाद की सभी नौ विधानसभाओं में समान रुप से विकास करवा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, उन्होंने शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है और इसी विकास की बदौलत वह जनता के बीच अपने लिए समर्थन मांगने आए है।
**- खेमी राव**











## भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त : महेन्द्र प्रताप सिंह

### करण दलाल खुलकर उतरे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में, एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता करण सिंह दलाल अब पूरी तरह से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। आज उन्होंने महेन्द्र प्रताप सिंह के साथ पलवल विधानसभा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत कुलैना गांव से की उसके बाद बागपुर, सोलडा, चांदहट, घोडी, सिहौल, रसूलपुर, बडौली, रूंधी के अलावा पलवल के शहरी क्षेत्र कैंप-कॉलानी चौक, मोहन नगर व राजीव नगर में आयोजित सभाओं में लोगों द्वारा उनका पगडी बांधकर जहां गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया वहीं दोनों हाथ उठाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान किया गया।

चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज किसान, कमेरे, महिला, कर्मचारी हर सहित वर्ग अपने आपको ठगा सा महशूस कर रहा है। भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों के चलते जहां बेराजगारी बढ़ रही है वहीं घपले-घोटालों का राज चल रहा है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं है और पोर्टल व फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। वहीं विकास के नाम पर कुछ दिखाई नहीं देता और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे है। जहां सडकों का बुरा हाल है वहीं शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग आज फिर से भुपेन्द्र सिंह हुडडा सरकार के राज को याद कर रहे है क्योंकि फरीदाबाद और पलवल जिले में जितनी भी विकास योजनाएं दिख रही है वह सब हुड्डा साहब की ही देन है। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि कांग्रेस सरकार बनते ही फिर से यहां विकास की रफ्तार बढाई जाएगी। उन्होंने सभाओं में भारी भीड से उत्साहित हो लोगों की हौंसलाअफजाही करते हुए कहा कि लोगों के जोश से आज कांग्रेस का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है जिससे बीजेपी प्रत्याशी निराश व हताश हैं। क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह जान चुकी है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने नागरिकों से 25 मई को कांग्रेस के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए फरीदाबाद-पलवल को विकास के पथ पर ले जाने का आह्वान किया। वहीं इस मौके पर पलवल के पूर्व विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री करण सिंह दलाल ने अपने संबोधन में लोगों से ईमानदारी व बेईमानी को दो तराजू में तोलने की बात कहते हुए कहा कि एक तरफ पिछले दस सालों के रूप में भाजपा का भ्रष्टाचार है वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह हैं के रूप में रूप में सही मायनों में जन नेता हैं। इसलिए एक ईमानदार व्यक्ति को चुनकर लोकसभा में भेजें ताकि फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस भाजपा सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। ऐसे में अब वक्त आ गया कि इन जम्लेबाज भाजपाईयों को अपनी वोट की ताकत से अपनी शक्ति का परिचय कराकर कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के पक्ष में भारी संख्या में मतदान कर लोकसभा क्षेत्र में पलवल की अलग पहचान कायम करें।

## भाजपा की गारंटियां केवल झूठ बोलने की : संजय सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गारंटियां केवल झूठ बोलने की गारंटी हैं। पिछले 10 वर्षों में जितने भी वायदे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किये किए वह सिर्फ झूठे ही साबित हुए हैं। कालेधन, किसानों की आय को दोगुना करना, दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष, महंगाई खत्म करना, सभी भारतीय नागरिकों के खातों में पन्द्रह लाख रुपये भेजना आदि सभी वायदे झूठ और जुमले साबित हुए हैं।



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि इन सबका जवाब देने का समय 25 मई को आ गया है। उन्होंने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। उनके साथ जनसभा को संबोधित करते हुए जूही बब्बर ने कहा कि संजय सिंह हमारे परिवार के पुराने मित्र हैं और उन्होंने देश की जनता के हितों की आवाज हमेशा संसद में बुलन्द की है। संजय सिंह जैसे महान नेताओं की वजह से ही आज लोकतंत्र जिन्दा है।

संजय सिंह ने सोमवार को जैकमपुरा के रामलीला मैदान में गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की जनता को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा, बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, बिजली, पानी आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकताएं हांगी। भीम नगर में आयोजित जनसभा में उनके साथ आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गुरुग्राम के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराधा शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका वर्मा एवं प्रियदर्शनी सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद थे।

## भाजपा पहुंची गाँव-गाँव, 50% वोट का टारगेट

### जिला परिषद चुनाव परिणामों से उत्साहित है पार्टी, सैकेंड लीडरशिप भी उभरी

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नूंह।** गुरुग्राम लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से जीत को लेकर आश्वस्त है। बावजूद इसके पार्टी नूंह जिले में अपना वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पसीना बहा रही है। पार्टी नूंह के तीनों विधानसभाओं से कांग्रेस को पटखनी देने के मूड में है। एकतरफ पार्टी के प्रत्याशी दिन-रात गाँवों में घूमकर वोट मांग रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ पार्टी ने अपनी सेकेंड लीडरशिप को गाँव जितने का टारगेट दिया है।



बता दें, भाजपा साल 2022 में हुए जिला परिषद चुनाव में मिले अप्रत्याशित वोट से खासी उत्साहित है। क्योंकि पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनाव को पहली बार चुनाव चिह्न पर लड़ा था। इन चुनावों में पार्टी ने 30 सीटों में से 21 सीटों पर चुनाव लड़ा और सात सीटों पर विजयी हुई। जिप चुनावों में पार्टी को करीब एक लाख वोट हासिल हुई, जो कुल मतों का 32 प्रतिशत थी।

**भाजपा प्रत्याशी को मिले सर्वाधिक वोट**

बड़ी बात ये भी है कि जिला परिषद चुनाव में वार्ड नंबर 23 के पार्टी प्रत्याशी फकरूद्दीन एडवोकेट को सर्वाधिक 10,796 वोट मिले। इसीतरह वार्ड नंबर 4 से सलमा को 4073, वार्ड नंबर 8 से कैलाश वती को 6105, वार्ड नंबर 10 से श्वेता सोनी को 5453, वार्ड नंबर 18 से बिलकिस को 7989, वार्ड नंबर 19 से जान मोहम्मद को 4433 और वार्ड नंबर 25 से तौफिक 6032 वोट लेकर विजयी हुए। परिणामस्वरूप पार्टी प्रत्याशी जान मोहम्मद इस समय जिला प्रमुख भी हैं।

**पंचायती राज चुनाव में भाजपा**

बीते पांच साल का आंकलन करें तो भाजपा ने गाँव में जबरदस्त पैठ बनाई है। लोकसभा चुनाव 2019 में जहां भाजपा को गिने-चुने 50 गाँव में जीत हासिल हुई थी। वहीं, 2024 में पार्टी के पास 200 सरपंचों का समर्थन प्राप्त है। नगीना, इंडरी, पिनगवां, फिरोजपुर झिरका में पार्टी अपना ब्लॉक समिति चेयरमैन बनवाने में सफल हुई है। साथ ही 150 ब्लॉक समिति सदस्य पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।



गुरुग्राम लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत भारी मतों से जीत रहे हैं। चुनाव का प्रचार बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के तहत हर रोज कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत के लिए समर्थन की अपील करते हैं।
**फकरुद्दीनपार्षद पुन्हाना**



# एसी में से आती है बदबू, नहीं पहचाना तो होगा बड़ा नुकसान



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गर्मी में बढ़ता तापमान और बाहर शरीर को झुलसाने वाली तेज धूप से आकर घर में ही सबसे ज्यादा सुकून मिलता है। खासकर जब गर्म मौसम में,ए की ठंडी हवा मिल जाए। लेकिन एक चीज ऐसी है जो इस आराम को पल भर में खराब कर सकती है। वो है, एसी यूनिट से निकलने वाली अजीब तरह की गंध। एसी में से आने वाले गंध इस बात का संकेत है कि आपके एसी में कुछ न कुछ गड़बड़ है।

एयर कंडीशनर से आने वाली गंध न सिर्फ एसी के लिए सही है बल्कि इससे आपके रेसपिरेटरी सिस्टम में इंफेक्शन भी हो सकता है। इतना ही नहीं कई बार ये बदबू सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। एसी की गंध अलग-अलग तरह की होती है। हर एक गंध का कारण अलग होता है। जिसकी समय पर पहचान कर सुधार कराया जा सकता है। ताकी एसी के साथ आपकी सेहत भी अच्छी है। इसलिए हम आपको इसके बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं।

अगर आपको एसी में से गंदे मौजे जैसी बदबू आ रही है तो इसका मतलब है कि कंडेनसेट ट्रे, ड्रेन नोजल और ड्रेन पाइन में फफूंद जम गई हो। बाहर ह्यूमिडिटी होने के कारण धूल से भरे एयर फिल्टर में भी फंफूद बन सकती है। इसलिए एयर फिल्टर, वॉटर ड्रे को साफ करना बहुत जरूरी है। फंगस और फफूंद से इनडोर बॉडी एवैपोरेटर की लाइफ कम हो सकती है।

अगर एसी में से कूड़े जैसी गंध आ रही तो इसका मतबलब है कि एयर कंडीशनर यूनिट के अंदर कोई जानवर मर गया है। जो एक कीड़ा, छिपकली, चूहा या छोटा पक्षी भी हो सकता है। विंडो एसी में इसकी आशंका ज्यादा होती है। इसके लिए आपको डक्ट फिल्टर को साफ करने की जरूरत है। जब तक अच्छे से सफाई न हो, एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

अगर आपको एयर कंडीशनर से कार के धुएं जैसी महक आए तो इसका मतलब है कि रेफ्रिजरेंट लीकेज या एसी में कोई और फ्लूइड लीक हो रहा है। जिसका कारण कॉइल में छेद होना हो सकता है। कई बार ये बदबू गैसोलीन जैसे ईंधन के जलने की वजह से भी आती है। ऐसे में एसी को अच्छे से चेक करें, जरूरत पड़े तो सर्विस भी करा लें।

एसी में से आने वाले गंध इस बात का संकेत है कि आपके एसी में कुछ न कुछ गड़बड़ है। कुछ जलने जैसी बदबू शॉर्ट सर्किट, जर्जर तार की स्पार्किंग या मोटर गर्म होने का संकेत है। कई बार लंबे समय बाद एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने से भी जलने की गंध आने लगती है। अगर यह जल्दी खत्म न हो तो खतरनाक साबित हो सकती है। ज्यादा गंध आने पर एसी को तुरंत बंद कर दें। किसी टेक्नीशियन को दिखाने के बाद ही दोबारा चलाएं।

# भारतीय दिग्गज को हेड कोच बनाना चाहती है बीसीसीआई



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए नए हेड कोच की तलाश है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद खत्म हो जाएगा। बीसीसीआई ने नए हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगवाए हैं। भारत के नए हेड को बनने की रेस में कई नाम सामने रहे हैं। इसमें न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के जस्टिन लैंगर शामिल है। अब इसमें गौतम गंभीर की एंट्री हो गई है।

बीसीसीआई गौतम गंभीर को भारतीय टीम का अगला हेड को बनाना चाहती है। गंभीर अभी आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक गंभीर से बीसीसीआई ने इस पद में उनकी रुचि जानने के लिए संपर्क किया है।

गंभीर के आईपीएल से फ्री होने के बाद आगे की चर्चा होने की उम्मीद है। भारत के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आईपीएल फाइनल के एक दिन बाद 27 मई है लेकिन वह दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। वह आईपीएल 2022 और 2023 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर थे और इस बार केकेआर के साथ है। लखनऊ उनके रहते दोनों बार प्लेऑफ में पहुंची थी।

केकेआर इस सीजन पॉइंट टेबल में टॉप पर है और प्लेऑफ में जगह बना चुकी है।भारतीय टीम को 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने में गंभीर की अहम भूमिका रही है। दोनों ही फाइनल में गंभीर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उनकी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2012 और 2014 में आईपीएल का खिताब भी जीत चुकी है। भारत का नया हेड कोच जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक पद पर रहेगा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन का पुरुष डबल्स खिताब जीतने वाले बोपन्ना



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।

फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गये।

# हार्ट अटैक लाकर छोड़ेंगी ये गलतियां

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गर्मियों में हम अक्सर अपनी सेहत को ध्यान नहीं देते हैं, जो कई बार दिल के दौरे का कारण बन सकता है। गर्मी में शरीर को अपना तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे दिल, फेफड़े और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यानी, अगर आपको पहले से ही हृदय संबंधी कोई बीमारी है तो गर्मी में खतरा ज्यादा बढ़ सकता है। ज्यादा पसीना निकलने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में खूब सारा तरल पदार्थ पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होगी और ब्लड प्रेशर अचानक कम होने से भी बचा जा सकेगा। इसलिए, गर्मी के दिनों में ठंडा रहना और शरीर में पानी की कमी न होने देना बहुत जरूरी है। अत्यधिक गर्मी में धूप में बाहर जाना आपके शरीर को अत्यधिक तापमान का सामना करने के लिए मजबूर कर सकता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है। गर्मियों में अत्यधिक तली चीजें खाना आपके शरीर को अतिरिक्त वसा प्रदान कर सकता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। गर्मियों में व्यायाम को छोड़ देना आपके हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। नियमित व्यायाम करने से हृदय की स्थिति में सुधार होती है और दिल के दौरे का खतरा कम होता है। गर्मियों में शरीर से पानी की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है, जो दिल के लिए हानिकारक हो सकता है। पानी की कमी से शरीर की संतुलित रक्तचालन में बाधा होती है, जो हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है। गर्मियों में बहुत से लोग प्यास बुझाने के लिए अत्यधिक बियर पीते हैं जो हृदय के लिए अत्यधिक हानिकारक हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ठंडा पानी पीने से हमारे शरीर में तीव्र प्रतिक्रिया हो सकती है जो अक्सर कुछ ही सेकंड में दिल के दौरे जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। यदि आपको पसीना आ रहा है तो आपको ठंडे पानी में जाने से बचना चाहिए और इसे पीने से पहले शरीर का तापमान सामान्य कर लें।

**डिस्क्लेमर:** यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# प्लेऑफ में इन प्लेयर्स पर रहेगी नजर

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पिछले दो महीनों से चली आ रही एक्शन से भरपूर आईपीएल की लड़ाई अपने अंत तक पहुंच गई है। 70 लीग मैचों के बाद कोलकाता नाइटराइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंच गए हैं। इन चार टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इन चारों के बीच कुल 4 मैच होंगे। पहले क्वालीफायर में कोलकाता नाइटराइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद 21 मई यानी मंगलवार को भिड़ेंगी। इस मैच की विनर को फाइनल में एंट्री मिल जाएगी, जबकि हारी हुई टीम एलिमिनेटर की विजेता से दूसरा क्लीफाइयर खेलेगी। इस तरह दोनों क्लीफायर की विनर्स के बीच फाइनल होगा। प्लेऑफ केमुकाबले से पहले, आइए उन पांच खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं जो नॉकआउट मैचों में रोमांच लाएंगे।

स्टार भारतीय बल्लेबाज पिछले साल के वनडे विश्व कप से लेकर अब तक शानदार फॉर्म में हैं, जहां वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईपीएल में अपना फॉर्म जारी रखा और 14 मैचों में पांच अर्धशतक और एक शतक सहित 708 रन के साथ सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। वह आरसीबी के बल्लेबाजी विभाग की रीढ़ बने हुए हैं और उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की प्लेऑफ की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने आने वाले वर्षों में भारतीय टी20 टीम का अहम हिस्सा बनने का कौशल दिखाया है। इस युवा बल्लेबाज ने हैदराबाद के लिए 13 मैचों में 467 रन बनाए हैं।

उन्होंने मौजूदा सीजन में तीन अर्धशतक भी लगाए और 209.41 की धमाकेदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अंतिम लीग मैच में उनकी 28 गेंदों में 66 रनों की तेज पारी ने फ्रेंचाइजी को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने में मदद की। केकेआर को उनके खिलाफ मैदान में उतरने से पहले एक ठोस योजना बनानी होगी।






# विपक्ष के पास झूठ और हमारे पास विकास का रोड मैप : मुख्यमंत्री सैनी

**कांग्रेस ने संविधान को खत्म करने का काम किया,अब देश को बरगला रहे**

**बीजेपी सरकार ने सभी वर्गो का विकास किया- मुख्यमंत्री**



समाचार गेट ब्यूरो

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने सोमवार को करनाल के दशहरा ग्राउंड में आयोजित विजय संकल्प रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत किया और विपक्ष पर बड़े हमले बोले। उन्होंने यहां अपने संबोधन में कहा कि आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास झूठ के सिवाय कुछ नहीं, जबकि हमारे पास विकास का रोड मैप है। अब ये कांग्रेसी कह रहे हैं कि यदि नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनेगी तो वह संविधान को समाप्त कर देंगे, जबकि अभी तक संविधान को समाप्त करने का काम कांग्रेस ने ही किया है। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि भारत के गृहमंत्री, जिन्होंने लंबे समय से देश की समस्या को एक झटके में समाप्त कर दिया। धारा 370 को हटा दिया। आज करनाल की पवित्र भूमि पर आए हैं। मैं उनका बहुत बहुत स्वागत और धन्यवाद करता हूं। श्री सैनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को भाजपा को वोट दें, दिल्ली में मोदी जी मजबूत होंगे। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलने से विकास की गति तेज होगी और देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने हर वर्ग का विकास किया है। कांग्रेस के नेता आज भी झूठ बोलकर प्रचार कर रहे हैं। इन्होंने संविधान को चोट पहुंचाई है। वहीं भाजपा ने देश और प्रदेश में सभी वर्गों का समान विकास किया है। पीएम मोदी ने देश को जोड़ने का काम किया है।

**भाजपा ने गरीबों के लिए काम किया**

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकार ने गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए काम किया है। सभी वर्गों को पूरा सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहां भी गया हूं एक ही आवाज सुन रहा हूं- तीसरी बार मोदी सरकार, अबकि बार 400 पार। नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार है लगातार गरीबों के लिए काम कर रही है। महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम किया है और युवाओं के लिए उनका विश्वास बढ़ाने का काम किया है। इन 10 वर्षों के अंदर मजबूती के साथ सभी वर्गों के लिए काम किए हैं।

# मेवात के पिछड़ेपन का दाग धोया, अब बजेगी रेल की सीटी : राव इंद्रजीत

**नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन के डीपीआर हुई तैयार जल्द होगा काम शुरू**



समाचार गेट ब्यूरो

**नूंह।** गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मेवात में अब रेल की सीटी बजकर रहेगी। सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। योजना का खाका तैयार हो रहा है। आने वाले पांच सालों में मेवात के नागरिक रेल का सफर कर सकेंगे। साथ ही नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन की डीपीआर भी तैयार हो गई है। इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। राव सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा के गांव गोपालपुर, चांड़ाका, मऊ रानियाला, भांकड़ोंजी, आगोन सक्रास, नगीना, मरोड़ा, उमरा गांवों में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से सरकार ने मेवात में रेल लाने के लिए बजट का प्रावधान कर खाता खोल दिया गया है। शुरुआती तौर पर एक करोड़ रुपए खाते में डाले गए हैं। तावड़ू व सोहना के साथ मेवात के आधे हिस्से को पैसेंजर ट्रेन से जोड़ने के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड़ने की योजना का काम चल रहा है इसे जल्दी पूरा किया जाएगा। मेवात की धरती से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे निकाला गया है। जिससे यहां का औद्योगिक विकास बढ़ेगा और यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। नूंह से फिरोजपुर का फोर लेन का कार्य जल्द शुरू होगा केंद्र सरकार की ओर से डीपीआर मंजूर करने का कार्य अंतिम चरण में है।

राव ने कहा कि मैं मेवात के लिये कोई नया नहीं हूँ। मेवात का मेरे परिवार के साथ पीढ़ियों का साझा इतिहास रहा है। हमने साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान यमुना का ओवरफ्लो पानी लाने का कार्य भविष्य में करेंगे ताकि मेवात के किसानों के साथ यहां पीने के पानी की समस्या को भी दूर किया जा सके। राव ने कहा कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने मेवात को हमेशा वोट बैंक समझा है। इन लोगों को अब भी मेवात में विकास दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने वादा किया कि जिन योजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन हुआ है वो अगले पांच साल में पूरी होगी। जो योजनाएं बनाई जा रही है उन्हें भी पूरा किया जाएगा।

**पिछड़ेपन का दाग धोया**

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मेवात के साथ भेदभाव का आरोप लगाने वाले 2019 के बाद के नीति आयोग के आंकड़े देख लें। नीति आयोग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं कि बीते पांच साल में मेवात के लिए क्या हुआ है। मेवात के पिछड़ेपन का दाग धोने का काम बीते पांच सालों में ही हुआ है और उनकी कलम से हुआ है। उन्होंने ऐसे मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी, जिससे उन्हें किसी भी काम के लिए किसी से कुछ कहने सुनने की जरूरत नहीं पड़ी। आज मेवात अव्वल मुकाम पर पहुंच रहा है। आने वाले पांच सालों में मेवात भी देश के विकसित जिलों के साथ कदम ताल करेगा। इस बार अधिक से अधिक वोट भाजपा के पक्ष में डालकर अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करें।

# 10 सालों में गरीब, मध्यम व हर वर्ग हुआ दुखी: कुमारी सैलजा



**बीजेपी ने महंगाई व बेरोजगारी से तोड़ी सबकी कमर, भ्रष्टाचार खत्म करने की बजाय बढ़ाया**

समाचार गेट ब्यूरो

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के राज में 10 साल में हर वर्ग दुखी हुआ है। गरीब व मध्यम वर्ग की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बनी हुई है। बीजेपी के राज में बेरोजगारी पिछले 45 सालों में चर्म पर पहुंच चुकी है। भ्रष्टाचार खत्म करने की बजाय बीजेपी ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिए धन इक्कठा करने का काम किया है। ईडी और सीबीआई पिछे लगा कर बीजेपी ने भ्रष्टाचार किया है। देश की 40 प्रतिशत संपत्ति महज एक प्रतिशत लोगों के पास है। काला धन लाने की बात करने वाले बीजेपी नेता खुद 3-4 अमीरों की झोली में बैठ गए। बोलते हैं विश्व गुरु बनेंगे पर यहां की जनता की समस्याओं का समाधान कर नहीं पाए। कुमारी सैलजा बीती रात को सिरसा की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम सिरसा में आकर क्या कहेंगे क्यों कि यूपी में महिलाओं व गरीबों पर अत्याचार हो रहे हैं। उनके जुमले यहां नहीं चलने वाले। उनको अपने ड्रामे यूपी में ही करने चाहिए। सिरसा में बुलडोजर शो निकाल कर लोगों में भय का माहौल बनाने का प्रयास किया गया पर यहां के लोग डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक मामलों में बीजेपी ने देश को नंबर वन बना दिया है। उन्होंने कहा कि सर्वे में आप लोगों ने कुमारी सैलजा को सिरसा भेजने की बात कही थी और मैं आपके बीच आ गई हूं। अब चुनाव आपका है। आप लोगों ने पहले मेरे पिता जी चौ. दलबीर सिंह को व बाद में मुझे भी बहुत प्यार और आशीर्वाद दिया है। अब भी वैसे ही देना है। सांसद बनने के बाद पांच साल तक आपकी समस्याओं का हल करना मेरा काम है। इस दौरान लोगों ने कुमारी सैलजा व अन्य कांग्रेस नेताओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि मोदी ने देश-प्रदेश में 10 साल के भाजपा के कुशासन को सुशासन के तौर पर पेश करने की निरर्थक कोशिश की है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा, मोदी-मनोहर के 10 साल के कुशासन को प्रदेश के लोग भुगत चुके हैं। जनत अब इनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं। हरियाणा की धरा पर प्रधानमंत्री ने एक भी शब्द ऐसा नहीं बोला, जिससे हरियाणवी गौरवांवित महसूस कर सकें। क्योंकि, भाजपा सरकार ने कोई ऐसा कार्य किया ही नहीं, जिसका जिक्र करने की वे हिम्मत कर पाएं। इसलिए उन्होंने सिर्फ और सिर्फ झूठ व जुमलों को सहारा लिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि चार चरण के मतदान के बाद साफ हो चुका है कि भाजपा और मोदी देश की सत्ता से जा रहे हैं, कांग्रेस व इंडिया गठबंधन आ रहा है। हरियाणा के लोगों को मोदी या भाजपा से राम के नाम का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल-खडगे ने कांग्रेस पार्टी की ओर से जिन 5 न्याय व 25 गारंटी को देने का वादा किया है, वे हर देशवासी का जीवन बदलने के लिए काफी हैं। 4 जून के बाद सरकार बनते ही इन्हें लागू कर दिया जाएगा। कांग्रेस ने खूब नौकरियां दी। आज भी वादा करते हैं कि अपने घोषणा पत्र के मुताबिक किसान, महिला, श्रमिक, युवा के साथ ही सभी की बराबर हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे। भाजपा ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया। नौजवान भटक रहा है। अग्निवीर स्कीम लाकर सेना में जाने का रास्ता भी बंद कर दिया। यह ऐसी स्कीम है, जिसमें बाप से पहले बेटा रिटायर हो जाएगा। फिर क्या होगा उसके भविष्य का। यह सरकार महंगाई चरम पर पहुंचा चुकी है। किसान को बर्बाद करने पर तुली है। शिक्षा नीति को तहस नहस कर रही है। हर दफ्तर में भ्रष्टाचार बढ़ चुका है।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरभान मेहता, नवीन केडिया, राजकुमार शर्मा, अमीर चावला, कुलदीप गदराना, पूर्व चैयरमेन रणधीर सिंह, कृष्णा फौगाट, आंनद बियानी, बूटा सिंह थिंड, दुर्गा सिंह, गुरनाम सिंह छब्बर आदि इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक भी मौजूद रहे।

# मैं तारीख और केसों से नहीं डरता : जयहिंद





समाचार गेट ब्यूरो

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद सोमवार को रोहतक जिला कोर्ट पहुचें जयहिंद की रोहतक कोर्ट में एक दिन में दो तारीखे होने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि वे कोर्ट की तारीखों से नहीं न तो घबराते है और न डरते है जनता की आवाज उठान के लिए उन पर ये केस दर्ज है आज भी जनता आवाज उठा रहे है और आगे भी उठाते रहेंगे। जयहिंद ने बताया कि एक तारीख तो जज मंगलेश साहब की कोर्ट में गायों के चारे के लिए चलाये अभियान के दौरान उस वक्त के वित्त मंत्री कप्तान अभिमन्यु के घर के बाहर खूंटा पर गाय बाँधी थी और दूसरा केस रावलीन कौर जज साहब की अदालत में पीजीआई में बाहरी लोगों की भर्ती को लेकर विरोध करने पर दर्ज केस की सुनवाई हुई अगली सुनवाई अगस्त में होगी। जयहिंद ने कहा कि कितने नेता है जो जनता की आवाज उठाने पर एक दिन दो केसों की तारीख भुगत रहे है मेरे पर तो दर्जन भर केस दर्ज है एक महीने में 7-8 तारीख हो जाती है जनता की आवाज उठाने के लिए इस जन्म तो क्या अगले जन्म में भी कोर्ट तारीख भुगतने को तैयार है

**जेड प्लस(+) सिक्यूरिटी वाले मुख्यमंत्री ने करवाया एक महिला पर हमला, अब क्यों लग रहा है डर : जयहिंद**

वही नवीन जयहिंद ने केजरीवाल पर हमले के आरोप पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि एक जेड प्लस सिक्यूरिटी वाला मुख्यमंत्री जिसने एक निहत्थी महिला पर हमला करवाया, उसे साजिश के तहत पिटवाया और अब इतना डर गया है की इतनी सिक्यूरिटी होने के बाद भी कहा रहा है उस पर हमला करवाया जा रहा है जो पाप उसने किया है उससे अब दुर्योधन को डर लग रहा है ये राजनीतिक स्टंट है अपने पाप को छुपाने के लिए ये सब कहा जा रहा है इससे डरपोक और कायर मुख्यमंत्री मैंने नहीं देखा है।

# भिवानी में नहीं मिल रहा किरण को भाव, राव को कितना दे पायेगी ताव, किसका लगेगा दांव

**आखिर क्यों किया जा रहा है किरण को कांग्रेस छोडने. पर मजबूर**

**बंसीलाल परिवार की सियासत की विरासत को बचाने के क्या करेगी किरण चौधरी**









समाचार गेट ब्यूरो

सूर्य देव की किरण भले ही सीधी होकर जमीन को तपाने का काम कर रही है साथ ही कांग्रेस के कुछ नेताओं की चालबाजी के चलते भिवानी से कांग्रेस की कद्दावर नेता किरण चौधरी की राजनैतिक किरण उनकी बेटी श्रुति की टिकट कटवाने का काम तो कर चुके है लेकिन अब वो किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी को राजनैतिक की उस अंधकारमय दौर में पहुंचाना चाह रहे है जहां उजाले की कोई किरण नही दिखाई दे। वैसे तो कांग्रेस की इस गुटबाजी का खुला रूप सबको पता है लेकिन हर सीट पर इस गुटबाजी में एक चेहरा जो प्रमुख है वो भूपेंद्र सिंह हुड्डा। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के अंतिम दौर में भिवानी सीट पर कांग्रेस में गुटबाजी के बम ने एक बार फिर से धमाका कर दिया है।

बता दे कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से बेटी श्रुति चौधरी का टिकट कटने के बाद मायूस कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी को अब हुड्डा गुट की तरफ से खुलकर नजरअंदाज किया जा रहा है। किरण चौधरी के मुताबिक उन्हें लोकसभा क्षेत्र के किसी भी प्रोग्राम में नहीं बुलाया जा रहा है और न ही उन्हें सूचना दी जा रही है। ऐसे में अपनी पार्टी के नेताओं द्वारा अनदेखा किए जाने पर किरण का दर्द छलक पड़ा।

भिवानी स्थित अपने आवास पर किरण चौधरी न मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस नेताओं को यदि किसी कार्यक्रम को लेकर मैं फोन करती हूं तो फोन उठता ही है। इसके आगे उन्होंने कहा कि इलाके प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा तक आ चुके हैं, लेकिन इस बात की सूचना न तो मुझे दी गई और न ही श्रुति को दी गई। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं पर बार-बार बेइज्जती करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम गुटबाजी नहीं कर रहे हैं, पर इलाके में कोई प्रोग्राम होता है और सूचना तक नहीं दी जाती। ऐसे में कौन गुटबाजी कर रहा है यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि हरियाणा एसआरके और हुड्डा गुट में बंटी कांग्रेस में लंबे समय से गुटबाजी चल रही है। लोकसभा टिकट के बंटवारे में 9 में 8 टिकट हुड्डा गुट के लोगों को मिली। एसआरके गुट के हिस्से में सिर्फ एक सीट आई। इसके साथ ही महेंद्रगढ़-भिवानी सीट पर किरण की बेटी श्रुति चौधरी का भी टिकट गया। इससे एसआरके और हुड्डा गुटे के बीच खाई और बढ़ गई। अब लोकसभा चुनाव में किरण चौधरी अपनी ही पार्टी में उपेक्षित महसूस कर रही हैं। जिसका खामियाजा रावदान सिंह को भुगतना पड़ सकता है। अपनी ही पार्टी में घोर उपेक्षा का शिकार बंसीलाल की सियायत को विरासत के रूप में आगे बढ़ाने वाली किरण चौधरी ने चुनाव के अंतिम समय में जिस प्रकार ब्यान देकर अपने समर्थकों में स्पष्ट संदेश देने का काम किया है कि वो कांग्रेस में हुड्डा के कारण असहज है और राव दान सिंह पर हुड्डा का पक्का टैग लगने से किरण चौधरी के समर्थकों में कांग्रेस की इस कारगुजारी के चलते रोष है। अब इस रोष के आवेग का पता चुनाव परिणामों में देखने का मिलेगा। यह बात तो लगभग तय हो चुकी है आने वाले समय में कांग्रेस की बागडोर यदि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हाथ में रहेगी तो किरण चौधरी अवश्य नपेगी।

# पीएम मोदी को लोकहित से जुड़े मुद्दों पर सवाल करते विपक्ष की भाषा माओवादी क्यों लगती है? : माईकल सैनी (आप)



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी माईकल सैनी ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव अमर्यादित भाषणशैली व आचरण का प्रतीक बन गया है एक ओर जहां प्रधानमंत्री प्रमुख विपक्षी दल कॉंग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी को शहजादे की संज्ञा देकर उनके द्वारा उठाए गए सवालों को माओवादी भाषा बताने में जुटे हैं अब पाठकगण तय कर बताएं कि आसमान छूती महंगाई जिसके कारण प्रत्येक गृहणी का रसोई खर्च कई गुना बढ़ गया हो, निजीकरण के कारण पिछड़े दलितों, आदिवासियों को मिलने वाला आरक्षण समाप्त होने से समानतावादी प्रयासों को ठेस पहुंची हो साथ ही नोकरियाँ खत्म होने से बेरोजगारी दर में बेतहाशा वृद्धि हुई जिसकारण देश का युवा नशाखोरी व अपराध की ओर जाने को मजबूर है, कर्मचारियों की पेंशन का सवाल भी एक बड़ा मुद्दा होने के साथ मध्यमवर्गीय व्यापारियों पर लादा गया गलत जीएसटी हो अथवा किसानों का उत्पीड़न व नारी न्याय के मुद्दे उठाना क्या माओवादी विचारधारा है ?

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर देश के गृह मंत्री अमित शाह कॉंग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों को घुसपैठिए बता आरोप लगा रहे हैं कि वोटबैंक के डर से वह प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए, अब यहां सवाल यह है कि जिस प्राण प्रतिष्ठा को चारों शंकराचार्यों ने ही उसे भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम करार दिया हो तो विपक्षी दल क्या करने पहुंचते और सवाल यह भी बहुत बड़ा है कि सभी विपक्षी घुसपैठिए हैं तो उन्हें क्यों शामिल करना चाहते थे और उनके नहीं आने पर इतने हताश क्यों हैं क्या घुसपैठियों के ना आने से तथाकथित प्राण प्रतिष्ठा अधूरी रह गई या फिर विपक्षियों को अपमानित करने का कोई मंसूबा विफल हुआ अथवा कोई राजनीतिक मसाला नहीं मिला ?ईकल सैनी का मानना है कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की नियम सिद्धांतों वाली भाजपा के विशाल संगठन में संघ परिवार की मूक सहमति के चलते गुजरात लॉबी द्वारा बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व को किनारे लगा जब महत्वपूर्ण पदों पर आधिपत्य स्थापित कर लिया गया, अपने अधीनस्थ कर लिया गया असल घुसपैठ तो वही थी जिसे मोदी-शाह की जोड़ी ने ही अंजाम दिया था, तो क्यों नहीं इन दोनों को ही वास्तविक घुसपैठिया कहा जाए ?

लोकमंगलार्थ एवं धर्म के रक्षार्थ होने की दुहाई देती आ रही मोदी-शाह की जोड़ी ने धर्म को ही अपनी राजनीति का आधार बनाया तथा उसी के इर्दगिर्द लोगों को अपने दोनों कार्यकालों में भ्रमित कर उलझाए रखा जो कोशिशें आजतल्क बदस्तूर जारी हैं मगर पर्दे के पीछे की हकीकत को समझनें का प्रयास करें तो ज्ञात होता है कि लोकहित की बजाय चंद पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया इनके द्वारा !

उन्होंने कहा कि विविधता के सौंदर्य, लोकलाज व लोकतांत्रिक मर्यादाओं को नष्ट-भ्रष्ट करते हुए कई लोकसभा सीटों पर एकतरफा चुनाव कराने की स्थितियां पैदा की जिसका जीवंत उदाहरण है सूरत संसदीय सीट है जहाँ सभी चुनोती देने वालों को येन,केन,प्रकरेण हटा दिया गया, अब सवाल यह है आखिर क्या उपलब्धियां हासिल है भाजपा प्रत्याशी को अथवा ऐसी कितनी लोकप्रियता रही के उनके विशाल जनाधार को देख किसी व्यक्ति की हिम्मत ही नहीं हुई उन्हें चुनोती देने की ?

माईकल सैनी ने कहा कि देश की स्वतंत्र संस्थाओं में घुसपैठ करने वाले मोदी शाह के अन्याय काल'से समस्त देशवासी त्रस्त हैं, तमाम राज्य उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं बतौर उदाहरण लद्दाख, मणिपुर, दिल्ली, पंजाब, झारखंड इत्यादि..

# एकजुट होकर अपनी आवाज उठाएं और आगे बढ़कर मतदान करें : सोमाणी



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय नवचेतना मंच के अखिल भारतीय संयोजक विजय सोमाणी ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने अभियान चला रखा है। उन्होंने तावडू, नूंह, रेवाड़ी और बावल क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान-2024 के तहत ग्रामीणों से अलग अलग बैठक में शामिल होकर कहा कि सत्ता पाकर हर व्यक्ति ताकतवर हो जाता है मगर सत्ता का नशा नेताओं को आमजन के प्रति जिम्मेदारी से विमुख कर देता है। यही वजह की काफी लोग संसद पहुंचने के बाद भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाते।

विजय सोमानी ने कहा कि फूल-मालाओं से किसी नेता का स्वागत कितना ही कर लें, आपका भला तब ही होगा, जब आप उनके साथ अपनी समस्याओं को लेकर खुलकर बात करेंगे और उन समस्याओं का सही समाधान नहीं होने पर अगले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों से सवाल भी पूछेंगे। आपको जाति के बंधन में बांधने, देश धर्म और क्षेत्रवाद, गुटबाजी की घुट्टी पिलाने बहुत से उम्मीदवार आएंगे और आपको इन्हें पहचानना होगा व उन्हें जताना होगा। जननेता ने कहा कि किसी का पगड़ी बांधना बहुत आसान है, बाहर से आए का आदर भाव करना जरूरी है मगर जो आपको ना पहचाने, आपको पिछलग्गू समझे, आपके वोट को लेकर आपका भूल जाए और आपकी समस्या दूर ना करे और अपनी मांग को पूरा नहीं कराए, क्या वह आपके वोट का हकदार है। लोगों को समझना होगा कि कौन कौन उम्मदिवार आपको आपका हक दिलाने में कामयाब हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, स्थिर, समर्थ और मजबूत लोकतंत्र का मतलब राष्ट्र की तरक्की सुनिश्चित करना, इसके लिए आप अपने बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान किया जाना सुनिश्चित करें। मतदान के माध्यम से ही हम लोकतंत्र को मजबूत ही नहीं, बल्कि देश की तरक्की भी सुनिश्चित कर सकते है इस महापर्व में देश के प्रत्येक जन की आहुति अनिवार्य है। ऐसे में इस दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। यह बात राष्ट्रीय नवचेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक जननेता विजय सोमाणी ने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के गांवों, शहर, कस्बों में मतदाता जागरूकता अभियान-2024 के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कही। अभियान के दौरान श्री सोमाणी ने शत-प्रतिशत मतदान का भी मतदाताओं से आह्वान किया। उनके साथ तावडू के पूर्व चेयरमैन व अन्य गणमान्य लोग उपरस्थित रहे। इन बैठकों में पहुंचने ग्रामीणों ने श्री सोमाणी का सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर व फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

# शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर थाना खोल क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रेवाड़ी पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशानुसार आज को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर थाना खोल एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व अर्धसैनिक बलों ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जिले में लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ मिलकर थाना खोल क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा बूथों को चेक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है और इस दौरान मिली खामियों को दूर कराने के लिए संबंधित विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। थाना खोल प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च कुण्ड, खोल व डहिना सहित अन्य गांव के विभिन्न गलियों व मार्गो से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से यह भी अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें।

# विधायक चिरंजीव राव ने रेवाड़ी विधानसभा के गांवों का किया दौरा



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** विधायक चिरंजीव राव ने आज अपनी विधानसभा के गांव पैदयावास, कौनसीवास, माजरा गुरुदास और कालाका गांव में जनसंपर्क करते हुए गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राज बब्बर के लिए आगामी 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतों से जिताने की अपील की। सभी गांव में विधायक चिरंजीव राव का जोरदार स्वागत किया गया, विधायक चिरंजीव राव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश को पीछे धकेलने का काम किया है। देश को आजाद करने में कांग्रेस पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसके बाद कांग्रेस की सरकार में सुई से लेकर जहाज तक देश में बनने लगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में देश में बेलगाम महंगाई, बेरोजगारों की फौज, जवान और किसान सड़कों पर, अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ाने का कार्य किया है। विधायक चिरंजीव राव ने कहा कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को हर वर्ष एक लाख रूपये, मनरेगा में प्रतिदिन चार सौ रुपए दिए जाएंगे इसके अलावा 25 न्याय गारंटी देने का वादा कांग्रेस पार्टी ने किया है। जबकि भाजपा के पास कोई मुद्दे नहीं है वे आज भी हिंदू मुस्लिम, मंगलसूत्र छीन लेंगे इत्यादि बातें करके देश की जनता को गुमराह करना चाह रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के खाते तक सील कर दिए गए। इससे ज्यादा तानाशाही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्या करेंगे। इसलिए आगामी 25 में को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राज बब्बर को भारी बहुमत से जीताने का काम आप करें।

# राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में दिया जा रहा है रेवाड़ी विस क्षेत्र का प्रशिक्षण



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** छठे चरण के लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर शनिवार, 25 मई को होने वाले मतदान के लिए रेवाड़ी जिला प्रशासन पूरी सजगता व सतर्कता के साथ प्रशासनिक जिम्मेवारी निभा रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्ड ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों रेवाड़ी, कोसली व बावल के लिए मतदान हेतु पोलिंग पार्टी गठित कर दी गई हैं जिन्हें ईवीएम, वीवीपैट सहित अन्य मतदान प्रक्रिया के बारे में बेहतर ढंग से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। गौरतलब है कि रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र का प्रशिक्षण राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में एआरओ एवं एसडीएम विकास यादव की अध्यक्षता में, कोसली विस क्षेत्र का प्रशिक्षण जैन स्कूल में एआरओ व एसडीएम उदय सिंह तथा बावल विस क्षेत्र का प्रशिक्षण स्वरांजलि स्कूल बिठवाना में एआरओ एवं एसडीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में दिया जा रहा है। डीसी राहुल हुड्ड ने कहा कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टी प्रभावी रूप से चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें इसके लिए हर पहलू से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं प्रशिक्षण कार्यक्रम की पूरी मॉनिटरिंग कर रहे हैं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो इसके लिए पूर्णतया सतर्कता बरती जा रही है।

प्रशिक्षण के दौरान बावल के एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि ये जिला प्रशासन का कर्तव्य है कि चुनावों को अहिंसा और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में सभी मिलकर अपने दायित्व का निर्वहन करें ताकि चुनाव व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें। एसडीएम ने पोलिंग पार्टियों को चुनाव की ट्रेनिंग देते हुए कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पोलिंग पार्टी को अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। यदि कोई तस्वीर है तो उसे ढकदें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम मशीन को खिडक़ी से दूर रखें। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता हैं तो उसका पोलिंग पार्टी के सदस्य उसका जवाब दे सकते हैं। ध्यान रहे की मतदान मशीन के समीप एक समय में एक ही व्यक्ति मौजूद हो। प्रशिक्षण के दौरान रेवाड़ी के एसडीएम एवं एआरओ विकास यादव ने बताया कि डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में चुनाव संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि मतदान की प्रक्रिया प्रात: 07 बजे से शाम के 6 बजे तक जारी रहेगी। पोलिंग पार्टी यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान सुबह सात बजे हर हाल में शुरू हो जाना चाहिए। ऐसे में मतदान से संबंधित मॉक पोल प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू करवा दें। यदि कोई मतदाता शाम 6 बजे के बाद भी कतार में लगे हुए हैं तो लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि अन्य मतदाता लाइन में लगकर ना खड़े हो सके। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा। 22 मई तक यह प्रशिक्षण प्रक्रिया जारी रहेगा तथा शुक्रवार 24 मई को पोलिंग पार्टियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 25 मई को भयमुक्त एवं पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# चुनाव पर्यवेक्षकों को एसपी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** एसपी रेवाड़ी शशांक कुमार सावन ने सोमवार को अपने कार्यालय में पर्यविक्षण अधिकारी व कार्यालय के संबंधित अधिकारियों की मीटिंग लेकर लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रूप से करवाने के लिए सभी तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्यो को अति शीघ्र पूरा कर ले।चुनाव से पहले तथा चुनाव के समय प्रत्येक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी होनी चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू ढंग से चल सके। कोई भी अधिकारी चुनाव ड्युटी को लेकर अपने मन में किसी प्रकार का संशय ना रखें और उसे समय रहते दूर कर लें।

चुनाव में पुलिस की सतर्कता ही असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा सकती हैं। सभी मतदान केंद्रों की खामियो को संबंधित विभाग से पत्राचार करके समय रहते दुरुस्त कराएं। लाइसेंस असला धारकों के शत प्रतिशत असले जमा करवाए। जो लोग अपने लाइसेंसी हथियार जमा नहीं कर रहे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। सभी अधिकारी चुनाव आयोग के निर्देशों की दृढ़ता से पालना करें। चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ तस्करी, शराब के खुर्दे, अवैध हथियार तस्करी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। सभी थाना प्रभारी, सीआईए युनिट व चौकी इंचार्ज अपने क्षेत्र में गश्त करते हुए संदिग्ध पर नजर रखें। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, सुरक्षा शाखा इंचार्ज निरीक्षक सुरेश कुमार, रीडर एएसआई तेजपाल व सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार मौजूद रहे।

# गर्मियों में सुबह पिएं ये चाय, सुस्त बॉडी हो जाएगी रिफ्रेश



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** चाहे गर्मी हो या सर्दी, कुछ लोगों को सुबह उठकर सबसे पहले कड़ाकेदार चाय पीना पसंद करते हैं, जो पेट के स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।सुबह खाली पेट जो भी खाते-पीते हैं, उसका प्रभाव हमारे शरीर पर सबसे ज्यादा होता है। इसलिए सुबह उठकर उन चीजों का सेवन करें, जिससे आपको फायदा मिले।

**जिंजर टी :** अदरक की चाय के भी सेहत के लिए अपने कई फायदे हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट की समस्याओं को दूर करते हैं। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में अदरक के टुकड़े डालकर बॉयल कर लें। फिर इसे छानकर, इसमें नींबू का रस मिलाकर पीएं।

**लेमन टी :** नींबू की चाय पाचन के लिए अच्छी होती है और सेहत के लिए इसके कई फायदे हैं। यह बॉडी डिटॉक्स भी करती है। इसे बनाने के लिए गर्म पानी में नींबू का रस मिलाएं और तो थोड़ा शहद मिलाएं। आपकी चाय तैयार है।

**मिंट टी :** पुदीना वाली चाय पेट के लिए बहुत अच्छी होती है। इसमें मौजूद मेंथॉल आपको ठंडक का एहसास देता है और मानसिक थकान को भी दूर करता है।इसे बनाने के लिए पुदीने के पत्ते गर्म को पानी में डालकर उबाल लें। फिर इसे छानकर और शहद मिक्स करके पीएं।






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया दस सालों में व्यवस्था परिवर्तन का काम : कृष्णपाल गुर्जर

**विजय सम्मेलन में मौजिज सरदारी ने भाजपा प्रत्याशी को 51 मीटर लम्बी पगड़ी बांधकर भरी जीत की हुंकार**

**उत्कर्ष चौधरी द्वारा आयोजित विजय सम्मेलन में उमड़ा लोगों का अपार जनसमूह**

समाचार गेट/नरवीर यादव

**फरीदाबाद।** युवा भाजपा नेता उत्कर्ष चौधरी के संयोजन में गदपुरी स्थित लोटस गार्डन में भाजपा प्रत्याशी चौ. कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद हजारों की संख्या में लोगों कृष्णपाल गुर्जर का 51 मीटर लम्बी पगड़ी बांधकर और स्मृति चिन्ह के रुप में गदा भेंट कर स्वागत किया और उन्हें लगातार तीसरी बार भारी बहुमत से देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भेजने का विश्वास दिलाया। सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था, जैसे ही भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर कार्यक्रम में पहुंचे, जहां लोगों ने 'नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद हजारों-हजारों की भीड़ से उत्साहित कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते है और पार्टी को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका होती है और भाजपा का कार्यकर्ता मेहनती, कर्मठ और ईमानदार है, जो पूरी तरह से पार्टी के लिए समर्पित भावना से कार्य कर रहा है। श्री गुर्जर ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों में व्यवस्था बदलने का काम किया है, देश में ऐसा सुशासन लोगों को दिया, जिसमें अमन-चैन का माहौल कायम हुआ और भारत आर्थिक और सामाजिक रुप से सुदृढ़ हुआ। 70 सालों में जितना विकास नहीं हुआ, उतना विकास मोदी जी ने मात्र दस सालों में कर दिखाया, लेकिन अभी काम पूरा नहीं हुआ है, इस भारत को अभी विश्व में सुपर पॉवर बनाना है और ये कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते है इसलिए आप सभी को देशहित के प्रति अपने दायित्व को निभाना है और कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। श्री गुर्जर ने फरीदाबाद के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर बाइपास रोड तक का नवीनीकरण का कार्य हुआ, सराय ख्वाजा से करमन बार्डर तक समान रुप से विकास कार्य करवाए, महिला कालेज बनवाए, स्किल यूनिवर्सिटी का निर्माण करवाया इसके अलावा पूरे शहर में सडक़ों का जाल बिछाकर इस शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलवाया। इस दौरान श्री गुर्जर ने कांग्रेस प्रत्याशी पर बड़ा तंज कसते हुए कहा कि हम जनता के बीच पिछले दस सालों के द्वारा किए गए विकास कार्यो का विजन लेकर जा रहे है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी के पास कोई मुद्दा ही नहीं है और उन्हें अपनी हार स्पष्ट दिखाई दे रही है, जिससे वह बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे है। श्री गुर्जर ने कहा कि मतदान को अब चंद दिन का समय शेष बचा है इसलिए प्रत्येक युवा कार्यकर्ता अपने आपको कृष्णपाल गुर्जर समझकर चुनावी रण में कूद जाए और इस चुनाव को अपना चुनाव समझकर जी जान से जुट जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 23 मई को गांव सोलड़ा में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, आपसे निवेदन है कि इस जनसभा में आप बड़ी संख्या में पहुंचकर उनके ओजस्वी विचारों को सुनने जरुर पहुंचे। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक युवा भाजपा नेता उत्कर्ष चौधरी ने कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे गणमान्य लोगों व युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव है इसलिए हम सभी को एकजुट होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान रुपी आहुति डालकर भाजपा को विजयी बनाना है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि एक-एक युवा भाजपा कार्यकर्ता इस चुनावी रण में पूरी ताकत से अपना दायित्व निभा रहा है और श्री गुर्जर को पिछली दो बार की तरह इस बार भी भारी मतों के अंतर से जिताकर ऐतिहासिक जीत दिलाकर संसद में भेजने का काम करेगा।

चुनावी अभियान के तहत कृष्णपाल गुर्जर ने आज सेक्टर-19, जनता कालोनी, सेक्टर-22 मार्किट, मुजेसर नई बस्ती, जाखड़ मोहल्ला बल्लभगढ़, महाराणा प्रताप भवन बल्लभगढ़, ऊंचा गांव बल्लभगढ़, आदर्श नगर बल्लभगढ़ आदि में भी जनसभाओं को संबोधित कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों ने दोनों हाथ उठाकर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। इस मौके पर पलवल भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भाजपा नेता हरेंद्र पाल राणा, सतबीर पटेल, महेंद्र भड़ाना, भिडूकी सरपंच शशिबाला तेवतिया, रमी चेयरमैन, इंद्र मेम्बर, सतबीर बैंसला, विनोद चौधरी, रामकुमार भड़ाना सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रिकार्ड तोड़ मतों से पुन: विजयी होंगे भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर : गोल्डी अरोड़ा

**भाजपा जिला सचिव ने दो नंबर मार्किट में जनसंपर्क कर मांगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट**



समाचार गेट/नरवीर यादव

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने कहा है कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकारों द्वारा देश-प्रदेश में किए गए अभूतपूर्व विकास की बदौलत फिर से केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाएगी और फरीदाबाद की जनता भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से जिताकर मोदी कैबिनेट में उनकी भागेदारी सुनिश्चित करेगी। गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी जी की लहर चल रही है, हर कोई नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का आतुर है, बस इंतजार है तो मतदान की तिथि का। श्री अरोड़ा आज एन.एच.-2 मार्किट में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को विजयी बनाने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क करके लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। इस दौरान दुकानदारों, व्यापारियों व आम लोगों ने श्री अरोड़ा का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि फरीदाबाद क्षेत्र से वह भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को रिकार्ड मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार संसद में भेजने का काम करेंगे। लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने फरीदाबाद में हुए रिकार्ड स्तर पर विकास कार्यो का ब्यौरा लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि जो फरीदाबाद पूर्व की सरकारों में फकीराबाद बन गया था, उसे भाजपा राज में स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाकर नए रुप में विकसित किया, आज पूरे शहर में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है, जलनिकासी के पुख्ता बंदोबस्त किए गए, जिससे कि बारिश के मौसम में लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अपने दस वर्षीय सांसद काल में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने जिले की विकास के मामले में तस्वीर बदलने का काम किया है, दस वर्षो में इस जिले में इतना विकास हुआ है, जितना विकास पिछली किसी सरकार में नहीं हुआ। श्री अरोड़ा ने लोगों से कहा कि अगर वह देश और फरीदाबाद का समुचित विकास चाहते हैं तो भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें क्योंकि उनके द्वारा दिया गया वोट जहां कृष्णपाल गुर्जर को तो विजयी बनाएगा ही साथ ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का भी कार्य करेगा। इस मौके पर अशोक गेरा, मनीष बत्रा, विकास शर्मा, मनीष चौधरी, प्रवेश चंदीला, सागर दुआ, पवन शर्मा, सुशील अधाना, भवनीश, अभिषेक खनेजा, दीपांकर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी नहीं बना पाई भाजपा : सुनील तेवतिया

**इनेलो प्रत्याशी ने पर्वतीया कालोनी में किया चुनावी सभा को संबोधित**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने कहा है कि भाजपा ने फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी का दर्जा तो दे दिया, मगर इसको स्मार्ट सिटी बना नहीं पाए। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे है और सीवर लाईन चौक हुई पड़ी है। झूठे बिल बनाकर नगर निगम के अधिकारी नेताओं से मिलीभगत करके करोड़ों रूपए कमा रहे है। 1500 करोड़ रूपए मुख्यमंत्री नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए देने की बात करते है, मगर विकास कार्य कही भी दिखाई ही नहीं दे रहे। वहीं फरीदाबाद जहां गंदगी का शहर बन गया है। प्रदूषण में पूरे विश्व में अव्वल नम्बर का शहर हो गया है। लोग बिमार हो रहे है, अस्थमा और कैंसर के मरीज बढ़ रहे है, मगर इस सरकार को न तो कोई चिंता है और न ही कोई प्रदूषण को खत्म करने के लिए न ही कोई प्लान बनाया है। श्री तेवतिया पर्वतीय कालोनी स्थित जलघर में महिला इनेलो जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू द्वारा आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर छत्तीस बिरादरियों के लोगों ने इनेलो लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया का पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। सुनील तेवतिया ने कहा कि कांग्रेस से पहले ही लोग दुखी आ चुके थे और भाजपा की गलत नीतियों के चलते आज युवा बेरोजगार घूम रहा है, महंगाई चरम सीमा पर है और भ्रष्टाचार कई गुना बढ़ गया है। प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर अधिकारी लोगों को परेशान कर पैसे लूटने का काम कर रहे है। इन सभी चीजों से तब ही निजात पाया जा सकता है जब आप इनेलो को वोट देकर मजबूत करेगें। इनेलो की सरकार बनते ही इन सभी समस्याओं से निजात दिला दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने हल्का हथीन में ममोलका, मालूका, जलालपुर, बाऊपुर, रणसीका में भी चुनाव प्रचार कर वोट मांगे। इस मौके पर इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, एनआईटी अध्यक्ष कुलदीप सिंह, युवा नेता संजय पांचाल, राजीव शर्मा, हकमुद्दीन, नजमुद्दीन, जयदेव भाटी, दिग्विजय तेवतिया, विजय तेवतिया, रियासुद्दीन, अवषित गेरा, सहित सैकड़ों कालोनी वासी मौजूद रहे।

# हरियाणा जल्द बनेगा सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाला राज्य : शील मधुर




**जनतंत्र के मजबूती के लिए मतदान अवश्य करने का लिया संकल्प**

**मतदान जन जागरूकता अभियान का हुआ आगाज**

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** तिरंगा सेना एवं सादर इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में सेक्टर 16 स्थित किसान भवन में प्रजातंत्र के महापर्व (लोक सभा चुनाव2024) में मतदाताओं द्वारा मतदान प्रक्रिया में बढ़चढ़कर हिस्सेदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदान जन जागरूकता अभियान का शुभारम्भ शील मधुर, आई पी एस (से.नि.) पूर्व पुलिस महानिदेशक, हरियाणा पुलिस तथा तिरंगा सेना एवं सादर इंडिया के अध्यक्ष के द्वारा किया गया। उन्होंने देशवासियों से अपील किया कि वे मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा सेना एवं सादर इंडिया का उद्देश्य है कि प्रजातंत्र मजबूत बने जिससे देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन खुशहाल बने। शील मधुर ने कहा कि वे हरियाणा प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सघन जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे जिससे बहुत जल्द हरियाणा सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाला राज्य बनेगा। उन्होंने वहाँ उपस्थित गणमान्य महानुभावों को न सिर्फ मतदान करने के लिए संकल्प दिलाई अपितु आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करेगें। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप सेठी, डॉ.आर एन सिंह, एडवोकेट राजेश खटाना, रमाकांत तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में किसान भवन के प्रभारी रमेश चौधरी, सामूहिक पूर्वांचल सभा के अध्यक्ष राज नाथ सिंह, पूर्वांचल फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के सिंह, यमुना रक्षक दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रभारी शरीफ आज़म, सूर्य प्रताप सिंह, दिलीप भारती, पवन कुमार सिंह, संजीव कुशवाहा, सुरेश, राज सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# लोगों को वोट बैंक के रुप में इस्तेमाल करती है भाजपा-कांग्रेस : किशन ठाकुर

**बसपा प्रत्याशी ने किया गांवों में जनसंपर्क, लोगों ने दिया समर्थन**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बसपा के लोकसभा प्रत्याशी किशन ठाकुर को मिल रहे छत्तीस बिरादरी के समर्थन से यहां मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ गांवों में भी बसपा प्रत्याशी को चुनावी सभाओं में जहां लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है वहीं उन्हें पूर्ण बहुमत से विजयी बनाने का भी आश्वासन दिया जा रहा है। अपने चुनावी अभियान के तहत किशन ठाकुर ने गांव असावटी, प्याला, सीकरी, ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद, गांव प्रहलादपुर सहित होडल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से अपने लिए समर्थन मांगा। सभाओं को संबोधित करत हुए किशन ठाकुर ने कहा कि फरीदाबाद में बदलाव का दौर शुरू हो गया है, भाजपा-कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलु है और लोगों ने इन पार्टियों का कार्यकाल भलीभांति देखा है, यह लोगों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते है और सत्ता प्राप्ति के बाद उनकी अनदेखी करते है। श्री ठाकुर ने कहा कि बसपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी बिरादरियों को साथ लेकर चलती है इसलिए इस बार बसपा को मौका दे और मुझे मत रुपी आर्शीवाद देकर संसद में भेजे, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस जिले के मान सम्मान में कभी कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ूंगा। चुनावी सभाओं में लोगों ने जगह-जगह किशन ठाकुर का सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजने का विश्वास दिलाया।

# आवश्यक सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए लघु सचिवालय परिसर में बनाया गया है विशेष मतदान केंद्र: जिला निर्वाचन अधिकारी

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आवश्यक सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए लघु सचिवालय परिसर के प्रथम तल पर कमरा नंबर 10 में विशेष मतदान केंद्र बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारियों के लिए मतदान प्रक्रिया 21 मई तक जारी रहेगी। जरूरत पड़ने पर मतदान के लिए तारीख बढ़ाई भी जा सकती है। लघु सचिवालय परिसर में बनाए गए विशेष मतदान केंद्र पर आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए बैलेट पेपर से वोटिंग की प्रक्रिया रविवार को आरंभ की गई थी। इस बूथ पर फार्म 12 डी जमा करवाने वाले कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट पेपर से वोट डलवाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लघु सचिवालय के कमरा नंबर 10 में आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए मतदान की प्रक्रिया आरंभ की गई। यहां इन कर्मचारियों के लिए विशेष पोलिंग बूथ बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सहित आवश्यक सेवाओं वाले विभागों में काम करने वाले ऐसे कर्मचारी जो मतदान के दौरान 25 मई को अपनी ड्यूटी पर रहेंगे और वोट डालने के लिए बूथ पर नहीं जा सकते, उनको मतदान की सुविधा प्रदान करने के



लिए फार्म 12 डी भरवाया गया था। फरीदाबाद जिला के 27 कर्मचारियों ने यह फार्म जमा करवा कर पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने की सहमति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि यहां मतदान केंद्र पर लोकसभा सीट से उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट भी मौजूद रह सकते हैं। इस बूथ पर 21 मई तक फार्म 12 डी भरने वाले कर्मचारियों के वोट डलवाए जाएंगे। यदि जरूरत पड़ने पर मतदान के लिए तारीख बढ़ाई भी जा सकती है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस मतदान केंद्र के लिए 27 लोगों ने फार्म 12 डी जमा करवाया गया है। इनमें फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से 6, गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से 6, रोहतक लोकसभा क्षेत्र से 5, हिसार लोकसभा क्षेत्र से 4, भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से 2 और सोनीपत, अम्बाला, करनाल व सिरसा लोकसभा क्षेत्र से एक एक मतदाता फार्म 12 डी जमा करने वाले कर्मचारी या अधिकारी यहां आकर पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान कर सकते हैं। मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय से सम्बनधित लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों को पोस्टल बैलेट पेपर बूथ पर भेज दिए गए हैं। जो कि कर्मचारी के नाम से ही जारी किए गए हैं। जो बैलेट पेपर जिस कर्मचारी का है, उसी से वह मतदान कर सकता है। बूथ पर पीठासीन अधिकारी सहित चार पोलिंग पार्टी सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है और एक बैलेट बॉक्स भी रखवाया गया है। वोटिंग की गोपनीयता के लिए एक कमरे में अलग कक्ष बनाया गया है।

# बीजेपी को बड़ा झटका : बीजेपी छोड़ कांग्रेस में फिर से शामिल हुए पूर्व सांसद अवतार भड़ाना, होडल पहुंचे अवतार



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** बीजेपी को फिर लगा एक और बड़ा झटका बीजेपी छोड़ फिर से कांग्रेस मै हुए शामिल फरीदाबाद के पूर्व सांसद अवतार भड़ाना ने की घर वापसी जी हा पूर्व सांसद अवतार भड़ाना ने बीजेपी को अलविदा कहकर कांग्रेस मै फिर अपने घर वापसी की है और कांग्रेस के प्रत्यासी के लिए प्रचार करते हुए दिखाई दिए भड़ाना ने कहा की बीजेपी मै नही मिलता किसी नेता को सम्मान भड़ाना ने कहा की कृष्ण पाल की नही कोई हैसियत अपने दम पर पार्षद का चुनाव भी नही जीत सकता जिस तरह कृष्ण पाल ने और बीजेपी ने जनता को लुटा है अब जनता इनको वोट से जनाब देगी। पूर्व सांसद अवतार भड़ाना ने बीजेपी छोड़ कांग्रेस का फिर से दामन थाम लिया है और भड़ाना को कांग्रेस मै आते ही फरीदाबाद लोक सभा के चुनाव में कांग्रेस को और मजबूती मिली है भड़ाना के कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार करते ही बीजेपी प्रत्यासी कृष्ण पाल की मुश्किल बढ़ गई है अवतार भड़ाना ने होडल मै अपने सभी कार्यकर्ताओं को बुला कर मीटिंग की और कांग्रेस प्रत्यासी को भारी बहुमत से जीत दिलाने को कहा भड़ाना ने अपने सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार तेज करने को कहा आपको बता दे की कांग्रेस से अवतार भड़ाना कई बार सांसद रह चूके है लेकिन बीच मै अवतार ने कांग्रेस को छोड़ बीजेपी मै शामिल हो गए थे और उत्तरप्रदेश में विधायक बने लेकिन अब भड़ाना ने बीजेपी को अलविदा कह दिया है और फिर से अपने घर कांग्रेस का दामन थाम लिया है भड़ाना ने बताया बीजेपी में किसी विधायक या सांसद का सम्मान नही होता बीजेपी में तानाशाही चल रही है बीजेपी ने देश की जनता को धोका देकर उन्हें लूट रही है अवतार भड़ाना ने कहा कांग्रेस राहुल गांधी ने उन्हें फरीदाबाद वे गुडगांव का चुनाव प्रचारक की जिमेवरी दी है भड़ाना ने कहा की होडल मेरा ने पहले से ही पूरा प्यार मिला है इस लिए मैं अपना घर आया हु और होडल विधान सभा के सभी कार्यकर्ताओं को बुलाया है और चुनाव में जुट जाने के लिए कहा है और अब पूरे हरियाणा में कांग्रेस की लहर है 10 सीट कांग्रेस जीत रही है और हरियाणा में ही नही पूरे देश में कांग्रेस की लहर है और केंद्र मै इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

# क्राइम ब्रांच हथीन ने इनामी बदमाश दबोचा



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी का खुलासा करते हुए डीएसपी दिनेश यादव ने बताया कि एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच हथीन इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम ने मुखबर तंत्र की सूचना के आधार पर बलात्कार मामले में करीब 3 साल से पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहे 5000 रूपए के इनामी एवं भगोड़ा बदमाश को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच हथीन इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक गुलिया के नेतृत्व में टीम ने केवल पिछले 5 माह की अवधि के दौरान ही 23 इनामी बदमाशों पर शिकंजा कस चुकी है।डीएसपी पलवल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आज 20 मई को क्राइम ब्रांच हथीन की टीम में तैनात एएसआई वीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ थाना हथीन क्षेत्र अंतर्गत बुराका मोड मौजूद थ। जहाँ उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि महिला थाना पलवल में दर्ज वर्ष 2021 के मुकदमा नंबर 55 के बलात्कार एवं पॉकसो मामले में पिछले 3 साल से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे गांव बुराका निवासी इनामी आरोपी बुराका नहर के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है जिस पर टीम ने मौका पर दबीश देकर उक्त आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर फरार के चलते पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में 5000 रूपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके अलावा आरोपी को अदालत द्वारा उक्त मामले में भगोड़ा(पीओ) भी करार किया हुआ था। आरोपी के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में पेश करके महिला थाना पलवल जांच इकाई के हवाले किया गया जो उक्त मामले में भी आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी है।

# होडल में अपने दादा के लिए वोट मांगने पहुंचे महेंद्र प्रताप के पोते सिदार्थ व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बेटे देवेश



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** अनाज मंडी में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बेटे देवेश कुमार व कांग्रेस प्रत्यासी के महेंद्र के पोते सिदार्थ ने अपने दादा के लिए होडल अनाज मंडी में और बाजार में व्यापारियों से मांगे वोट। चुनाव प्रचार अब अपने पूरे शबाब पर है इसी के चलते लोक सभा के कांग्रेस प्रत्यासी महेंद्र प्रताप के पोते ने भी चुनाव प्रचार तेज कर दिया है होडल अनाज मंडी में रणवीर भोरेजी की आढ़त पर से चुनाव प्रचार की शुरुआत किया कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के बेटे देवेश व महेंद्र प्रताप के पोते सिदार्थ के होडल अनाज मंडी में पहुंचते ही रणवीर बोहरे ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ मिलकर सिदार्थ और देवेश का फुलमलाओ से जोरदार स्वागत किया सिदारथ ने बताया की आज हमने होडल अनाज मंडी और बाजार में अपने दादा जी के लिए लोगो से वोट की अपील की ओर होडल की जनता ने हमे पूरा मान सम्मान दिया और वोट देने का आश्वासन भी दिया और कहा कि बीजेपी से जनता अब विश्वास उठ गया है अबकी बार जनता ने बीजेपी को हरा कर कांग्रेस को जीता कर सरकार बदलने का मन बना लिया है इस मौके पर रणवीर बोहरे ने भी कांग्रेस में पक्ष में वोट देने का आश्वाश दिया है।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का मॉडल अपनाएगी आसाम स्किल यूनिवर्सिटी



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** आसाम स्किल यूनिवर्सिटी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की तर्ज पर अपना मॉडल विकसित करेगी। इसी कड़ी में सोमवार को आसाम स्किल यूनिवर्सिटी के 14 अधिकारियों और शिक्षकों का एक दल दुधौला स्थित विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ उन्हें एक सप्ताह का प्रशिक्षण देंगे। आसाम के अधिकारी स्किल एजुकेशन के मॉडल की अवधारणा और कार्यशैली का अध्ययन करेंगे।

देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्किल एजुकेशन का लोकप्रिय मॉडल बना हुआ है। अधिकतर कौशल विश्वविद्यालय इसी मॉडल को लागू कर रहे हैं। यहां पहुंचने पर आसाम के 14 सदस्यीय दल का भव्य स्वागत किया गया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न आयामों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के युवाओं को स्किल की आवश्यकता है। आसाम को अपने युवाओं की अभिरुचि, इंडस्ट्री और कॉरपोरेट के आवश्यकताओं को चिन्हित करके जॉब रोल तैयार करने होंगे। डॉ. राज नेहरू ने कहा इसके लिए आसाम की इंडस्ट्री का एक सर्वेक्षण किया जाना चाहिए और साथ ही युवाओं को भी इस सर्वेक्षण में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आसाम के प्रतिनिधियों को स्किल एजुकेशन के दोहरे मॉडल को समझाते हुए ऑन द जॉब ट्रेनिंग का महत्व बताया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि स्किल एजुकेशन के हमारे मॉडल में प्रोग्राम बनाने से लेकर पाठ्यक्रम निर्धारित करने और विद्यार्थियों के दाखिले करने तक की प्रक्रिया में इंडस्ट्री की भूमिका है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए इंडस्ट्री के अनुसार प्रतिभा खोजने और विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने मैपिंग करके युवाओं को जॉब रोल के अनुसार समायोजित करने का सुझाव दिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने आसाम से प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली और रूप रेखा की जानकारी दी। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि नए विश्वविद्यालय की चुनौतियों को पहचान कर अपनी प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। उन्होंने आसाम से आए प्रतिनिधिमंडल के साथ कई प्रशासनिक अनुभव साझा किए। विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने विभिन्न शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म प्रोग्राम के विषय में विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर राठौड़ ने कहा कि इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के माध्यम से युवाओं को सीधा रोजगार के साथ जोड़ा जा सकता है। आसाम स्किल यूनिवर्सिटी से आए दल में प्रोफेसर मनोज कुमार देका, डॉ. शुभजीत दास, किशोर ज्योति देका, रिजवान सिद्दिक चौधरी, डॉ. दीप ज्योति गुरंग, डॉ. शिखा रानी बाईश्या, डॉ. कमलेश्वर बोरो, विभूति भारद्वाज, डॉ. बिश्वदीप भराली, मृगन शर्मा, डॉ. अब्दुल हन्नान, बिप्लाव शर्मा, बर्षेन्य तालुकदार, डॉ. कश्यप महंता शामिल हैं। बैठक में डीन प्रोफेसर कुलवंत सिंह, प्रोफेसर ऊषा बत्रा, डॉ. श्रुति गुप्ता, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. संजय सिंह राठौर, डॉ. मनी कंवर सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अमीष अमेय, ओएसडी संजीव तायल, डिप्टी प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. विकास भदोरिया और डॉ. वैशाली माहेश्वरी भी उपस्थित थे।

# वंडर वर्ल्ड स्टोरी झरोखों से



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुत समय पहले, एक घने जंगल की गहराई में, दो तपस्वी एक गुरु के आश्रम के पास रहते थे, वहाँ से कुछ ही दूरी पर। एक दिन, गुरु ने उन्हें पास के एक गाँव में भिक्षा माँगने के लिए भेजा। गाँव तक पहुँचने के लिए उन्हें एक नदी पार करनी पड़ती थी। दोनों तपस्वियों ने नदी पार की, गाँव में भिक्षा मांगी और वापस आश्रम की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी। जैसे ही वे नदी पार करने वाले थे, गहनों से सजी एक खूबसूरत महिला ने उन्हें पीछे से बुलाया।

कृपया, क्या आप मुझे नदी पार करने में मदद कर सकते हैं? उसने विनती की.

एक तपस्वी ने झिझकते हुए सोचा, मैं एक तपस्वी हूं। अगर मैं इस महिला की मदद करूंगा, तो लोग मेरे बारे में गपशप करेंगे। उसकी सहायता न करना ही बेहतर है। हालाँकि, दूसरा तपस्वी एक पल के लिए भी नहीं रुका। बिना देर किए, वह महिला के पास पहुंचा और उसे अपनी पीठ पर बिठाकर बड़ी सावधानी और कुशलता से नदी पार की। उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को उल्लेखनीय कुशलता से संभाला।

बाद में, दोनों तपस्वियों ने आश्रम की ओर अपनी यात्रा फिर से शुरू की, लेकिन एक दिलचस्प मोड़ उनका इंतजार कर रहा था। साथी तपस्वी के मन में उथल-पुथल मच गई। आख़िरकार, वह अब अपने विचारों पर काबू नहीं रख सका। उन्होंने गुरु से कहा, आज, मेरे साथी तपस्वी ने हमारे आश्रम के नियमों का उल्लंघन किया है। कृपया, गुरुजी, मेरे मित्र से स्पष्टीकरण मांगें। गुरु तपस्वी की ओर मुड़े और पूछा, क्या यह सच है कि साथी तपस्वी का आरोप सही है? क्या तुमने सचमुच हमारे आश्रम के नियमों का उल्लंघन किया है? क्या इस महिला की याचिका आपके कथित उल्लंघन के पीछे का कारण है?

तपस्वी ने उत्तर दिया, मैं सच में नहीं जानता कि मैंने क्या गलत किया है। मुझे बस इतना याद है कि महिला व्यथित थी और उसने हमसे मदद मांगी थी।

गुरु ने स्थिति पर विचार करते हुए ध्यान से सुना। फिर, उन्होंने समझदारी से कहा, दूसरों की सेवा करने में, कार्य से अधिक इरादे मायने रखते हैं। हालांकि नियम आवश्यक हैं, लेकिन करुणा को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। याद रखें, हमारा सच्चा कर्तव्य दूसरों की पीड़ा को कम करना है, भले ही इसके लिए हमें भटकना पड़े। नियम।

इन शब्दों के साथ, तपस्वियों को अपने गुरु के मार्गदर्शन में अंतर्निहित गहरी सीख समझ में आई। उन्होंने महसूस किया कि धार्मिकता का मार्ग न केवल नियमों के पालन से बल्कि दयालुता और सहानुभूति के कार्यों से भी प्रशस्त होता है।

जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह घटना आश्रम के भीतर एक पोषित शिक्षा बन गई, जिसने सभी साधकों को याद दिलाया कि आध्यात्मिकता का सार सभी प्राणियों के प्रति निस्वार्थ सेवा और करुणा में निहित है, चाहे वे जीवन में किसी भी स्थिति में हों।






समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# कुंड मनेठी निवासी विकास माया हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** कुंड मनेठी निवासी हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास माया को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा हरियाणा कांग्रेस प्रदेश का प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है। विकास माया वर्तमान में आईआईटी रूड़की उतराखंड से पीएचडी कर रहें है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरियाणा व दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने नियुक्ति पत्र जारी किया।

विकास माया लगातार 9-10 सालों से छात्र राजनीति, युवा राजनीति व सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। विकास माया लगातार अलग अलग माध्यमों व जिम्मेदारी के रूप में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को मुखर रूप से उठाते रहे हैं, चाहें वो धरातल पर पार्टी के लिये काम करना हो, या सोशल मीडिया या मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर पार्टी की आवाज को बुलंद करना शामिल है। वर्तमान में विकास माया हरियाणा युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता के रूप में काम कर रहे हैं । विकास इससे पहले भी प्रदेश प्रवक्ता, जिला संयोजक के रूप में काम कर चुके हैं।

**चुनाव के बीच हरियाणा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का रखेंगे पक्ष।**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने पत्र जारी कर दी जानकारी।**



विकास माया ने कहा कि देश मे बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था का खस्ताहाल, अपराध व असुरक्षा का माहौल सबसे बड़ा मुद्दा है। उनका मुख्य काम प्रदेश के छात्र, युवा, महिला, मजदूर, किसान सभी के हको व भागीदारी आदि मुद्दों को मुखर रूप से उठाने के साथ कांग्रेस पार्टी को धरातल पर मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी के लिए न्याय व कांग्रेस के न्याय पत्र को जन जन तक पहुचाने का काम इस लोकसभा चुनावों में मुख्य काम रहेगा।

उन्होंने अपनी नियुक्ति पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी , राहुल गांधी, हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रभारी मनीष चौधरी, हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष व करनाल लोकसभा से प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा, कार्यकारी अध्यक्ष मयंक चौधरी, हरियाणा युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रभारी हिमांशु गोसाईं, प्रदेश सोशल मीडिया के संयोजक विशाल राणा का आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

# रणदीप ने डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखा



समाचार गेट/एजेंसी

**मुंबई।** एक्टर और डायरेक्टर रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर थिएटर्स में रिलीज होने के तकरीबन दो महीने बाद अब डिजिटल यानी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के लिए एकदम तैयार है। मेकर्स की तरफ से फाइनली अनाउंसमेंट कर दी गई है।20 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म 22 मार्च 2024 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। इसमें अंकिता लोखंडे सहित कई जाने-माने सितारे नजर आए थे। आइये जानते हैं कि इस मूवी को आप हुआ पर कब और कहां देख सकते हैं।

स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल ना दिखा पाई हो, लेकिन Randeep Hooda की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी। इस फिल्म के लिए रणदीप ने कई किलो वजन भी कम किया था। उनका तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन देखकर सबके होश उड़ गए थे। अब मेकर्स ने फाइनली फिल्म की OTT रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है।

स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म वीर सावरकर की 141वीं बर्थ एनिवर्सरी पर ओटीटी पर रिलीज होगी। ये फिल्म 28 मई 2024 को जी5 पर रिलीज होगी। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर रिलीज डेट का ऐलान किया है। इस फिल्म में रणदीप और अंकिता के अलावा अमित सियाल ने गणेश दामोदर सावरकर, राजेश खेरा ने महात्मा गांधी, लोकेश मित्तल ने बीआरअंबडेकर का किरदार निभाया है। इनके अलावा और भी कई सितारे नजर आए हैं।

# नाराज धर्मेन्द्र ने गुस्से में कहा- मुझे मालूम है जो मुझसे कहलवाना चाहते हो

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमवार सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर फिल्मी सितारों की चहल-पहल लगी हुई है। इसी बीच बॉलीवुड के लीजेंड एक्टर धर्मेन्द्र का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह गुस्से में भड़कते हुए दिख रहे हैं। धर्मेन्द्र की नाराजगी देखकर लोग हैरान हैं। वहीं एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वोट डालने के बाद कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। वहीं धर्मेन्द्र के अलावा परेश रावल का एक वीडियो भी इस वक्त खूब सुर्खियों में है जिसमें वह वोट न देने वालों के लिए सजा की सलाह देते दिख रहे हैं।



धर्मेन्द्र का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह कैमरे के सामने काफी झल्लाते हुए से दिख रहे हैं। धर्मेन्द्र को वोट दिलाने के लिए दो लोग उन्हें सहारा देकर ले जाते दिख रहे हैं। इसी बीच कैमरा पर्सन ने उनसे कुछ पूछा जिस पर वह झल्ला उठे।

इसके अलावा धर्मेन्द्र ने वोट के बाद की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कहा है, भारतीय होने का सबसे बड़ा सबूत, आपका वोट है दोस्तो, अपने इस हक का फायदा उठाएं, वोट जरूर डालिए। इनके अलावा परेश रावल का एक वीडियो भी काफी सुर्खियां बटोर रहा है।

परेश ने लोगों से वोट की अपील की और साथ ही ये भी कहा कि जो लोग वोट नहीं करते हैं उनके लिए कुछ न कुछ सजा जरूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का टैक्स बढ़ा देना चाहिए या फिर कोई न कोई सजा जरूर मिलनी चाहिए ताकि लोग इस जिम्मेदारी को निभाएं। अब लोग परेश रावल की इन बातों पर भड़कते दिख रहे हैं। काफी लोगों ने कहा है- तो अब यहां तानाशाही होगी! वहीं कुछ ने कहा है- ये डेमोक्रेटिक राइट्स है लेकिन जबरदस्ती नहीं की जी सकती।

# समर्थ जुरेल ने ईशा मालवीय के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** समर्थ जुरेल ने आखिरकार ईशा मालविया से अपने ब्रेकअप पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में एक इंटरव्यू में समर्थ ने ईशा को मौकापरस्त बताया और कहा कि वह पपाराजी के सामने ही उनके साथ फोटो खिंचवाएंगी। वैसे उनको कोई मतलब नहीं। ईशा मालविया और समर्थ जुरेल का पिछले महीने की शुरुआत में ब्रेकअप हो गया था। और दोनों ने ही इस बारे में कंफर्म किया था।

इंस्टेंट बॉलीवुड से बात करते हुए, समर्थ जुरेल ने कहा, वो वास्तव में बहुत बड़ी मौकापरस्त है। उसका ऐसा था कि, कोई भी इवेंट हो रहा है या कोई भी फंक्शन हो रहा है तो मुझसे बात करने लग जाएगी। उदाहरण के लिए, होली फंक्शन था, हमारी बातचीत एकदुम बंद थी। लेकिन एक दिन पहले से मुझसे बात करने लग गई कि तू आ रहा है ना? मेरे को बाहर तक इसलिए ले गई क्योंकि पैप्स खड़े थे, ताकी हमारी स्पॉटिंग हो जाए। पता चल जाएगा लोगो को कि हम साथ हैं।

समर्थ ने कहा, उसने लाइव में बोला था कि कुछ कहने के लिए कुछ होना चाहिए, ऐसे 10 लोगो को मैं पाल सकतीं हूं। क्या है ये? मतलब, समझ ही नहीं आ रहा मुझे कि आप क्यों बोल रहे हैं? आप बोलना है बोलो। मेरे पे मत बोलो, मेरे नाम से आप झूठी स्टेटमेंट मत दो कि हमने आपसी सहमति से फैसला किया कि जम नहीं रही हमारी और उसके लिए भी बेहतर है। अरे मेरे लिए बेहतर क्या है मुझे पता है। मैं चुप ही था लेकिन मेरे नाम पर झूठी स्टेटमेंट दोगे तो मैं बोलूंगा।

ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल के बीच अफेयर अभिषेक कुमार से ब्रेकअप के बाद शुरू हुआ था। जिसका खुलासा बिग बॉस 17 में हुआ था। इसके बाद अभिषेक और मुनव्वर ने शर्त भी लगाई थी कि शो खत्म होने के कुछ महीने बाद ही ये अलग हो जाएंगे। और वैसा ही हुआ। ईशा और समर्थ का ब्रेकअप हो गया। और समर्थ की बातों से साफ है कि ये आपसी सहमति से नहीं हुआ है।

# पीएम नरेंद्र मोदी की बायोपिक में सत्यराज के होने की खबरें इंटरनेट पर वायरल

समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली की बाहुबली में कटप्पा का किरदार निभाने के बाद अभिनेता सत्यराज की लोकप्रियता देशभर में बढ़ गई। एक्टर जल्द ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक में नजर आएंगे। ये पीएम मोदी की दूसरी बायोपिक होगी। पहली में विवेक ओबेरॉय नजर आए थे। सोशल मीडिया पर रमेश बाला ने कहा इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि सत्यराज अब प्रधानमंत्री की कहानी दिखाएंगे।

रमेश बाला ने सोशल मीडिया पर लिखा, सत्यराज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक में नरेंद्र मोदी का किरदार निभाएंगे। इसमें और जानकारी आने का इंतजार है। इसके पहले पीएम मोदी की बायोपिक 2019 में आई थी, जिसमें विवेक ओबेरॉय ने अभिनय किया था और लोगों ने जमकर आलोचना की थी।

खबर ये भी है कि सत्यराज ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है कि वह ऐसी किसी मूवी का हिस्सा हैं या नहीं। लेकिन ये खबर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है। हर कोई इस बार में बात कर रहा है कि एक्टर अब कटप्पा से सीधे पीएम मोदी के रूप में दिखाई देंगे। हालांकि उन्होंने अपने करियर में और भी तरह-तरह के रोल्स किए हैं लेकिन एसएस





राजामौली की वो फिल्म इनके करियर की यादगार मूवी बन गई है।

इसके अलावा महेश ठाकुर भी पीएम मोदी का रोल कर चुके हैं। और अब इनका नंबर है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस साल इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। लेकिन इसे कौन बना रहा है, कौन-कौन कलाकार होंगे, कुछ मालूम नहीं चल सका है।

# क्या रिश्ते में ये सब करना सही है

समाचार गेट/एजेंसी

**मुंबई।** रिश्तों को मजबूत करने के लिए लोग क्या नहीं करते, पार्टनर का ख्याल रखने से लेकर उनकी छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखते हैं। कई बार तो प्यार का इजहार करना भी जरूरी हो जाता है, ताकी पार्टनर को ये अहसास न हो कि प्यार कम हो गया है। हालांकि जब तक ये अपनी मर्जी से किया जाए, कोई शर्त न हो तो ठीक लगता है। जरा सोचिए रिलेशनशिप कॉन्ट्रेक्ट में रहकर रोज लव यू बोलना पड़े हो क्या होगा।ये सब हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि एक मशहूर फुटबॉलर ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ वकील की मौजूदगी में कॉन्ट्रेक्ट साइन किया है। जिसमें अजीब-अजीब शर्तों को रखा गया है इन्हें जानकर आपको हैरानी जरूर होगी। इतना ही नहीं कॉन्ट्रेक्ट में दी गई बातों को नहीं मानने पर पेनल्टी भी गलती है।





तो क्या लगता है इन शर्तो से रिश्ता बोझ नहीं बन जाएगा, और ये सब करना सही है क्या।दरअसल 17 साल के ब्राजीलियन फुटबॉलर एनड्रिक अपनी 21 साल की गर्लफ्रेंड गेब्रियली मिरांडा के साथ रिलेशनशिप कॉन्ट्रेक्ट में है। पेशे से मॉडल मिरांडा के साथ दो पार्ट में कॉन्ट्रेक्ट किया गया है। पहले पार्ट की चीजें दोनों को करना बेहद जरूरी है, जबकि दूसरे पार्ट की चीजें नहीं करनी है। किसी भी पार्ट की कोई भी बात न मानने पर पेनल्टी देनी होगी।

अगर लड़ाई हो तो उसे बिना सुलझाए सो नहीं सकते, लड़ाई को उसी दिन सॉल्व करना होगा। अगर दोनों किसी फंक्शन में जाते हैं तो एक-दूसरे का हाथ पकड़ना जरूरी है। ये सभी शर्तें प्यार को बनाए रखने के लिए हैं। अब रिलेशनशिप कॉन्ट्रेक्ट के दूसरे पार्ट की बात की जाए तो इसमें किसी को भी हम्म या ओके कहकर जवाब नहीं देना है। नियम तोड़ने पर पार्टनर जो मांगेगा वो देना पड़ेगा, चाहे वो कुछ भी हो। गेब्रियली एक बार ये नियम तोड़ भी चुकी है, इसके लिए उन्हें एनड्रिक को एक एप्पल हेडसेट दिलाना पड़ा था।

मोहब्बत है जी हुजूरी नहीं... की एंड का मूवी का फेमस गाना है। यहां जी हुजूरी से मतलब है कि पार्टनर जब जो कहे वो तभी हो जाए ये बिल्कुल भी जरूरी नहीं। क्योंकि हर वक्त सिचुएशन एक जैसी नहीं होती। ऐसे में रिश्तों में शर्तों के लिए जगह कम ही होती है। क्योंकि कोई भी रिलेशनशिप प्यार के साथ ही समझ से चलता है।







